# UPEIDA-SIDM के बीच रक्षा उद्योग मंच के लिये समझौता ज्ञापन

## चर्चा में क्यों?

6 अगस्त, 2021 को **उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण** (Uttar Pradesh Expressways Industrial Development Authority- UPEIDA) और **सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स** (Society of Indian Defence Manufacturers- SIDM) ने **उत्तर प्रदेश में रक्षा उद्योग मंच** (Defence Industry Forum) विकसित करने के संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

## प्रमुख बिंदु

- इस समझौता ज्ञापन का मुख्य **उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, स्टार्ट-अप तथा रक्षा निर्माण इकाइयों को बढ़ावा** देकर उत्तर प्रदेश को रक्षा निर्माण के केंद्र के रूप में विकसित करना है।
- इस **समझौता ज्ञापन की वैधता तीन साल** होगी और दोनों पक्षों द्वारा संयुक्त रूप से रक्षा उद्योग मंच स्थापित किया जाएगा।
- UPEIDA के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के अनुसार, समझौता ज्ञापन में रक्षा निर्माण में 1000 करोड़ रुपये के निवेश जुटाने की क्षमता है।
- इसी तरह UPEIDA ने रक्षा औद्योगिक गलियारे के झाँसी नोड पर कंपनी को 250 एकड़ ज़मीन उपलब्ध कराने के लिये **भारत डायनेमिक्स लिमिटेड** के साथ एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किये हैं।
- उल्लेखनीय है कि SIDM रक्षा निर्माण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये एक गैर-लाभकारी संगठन समर्थन समूह है, जबकि UPEIDA उत्तर प्रदेश में रक्षा औद्योगिक गलियारे के विकास के लिये उत्तर प्रदेश सरकार की नोडल एजेंसी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/upeida-sidm-mou-for-defense-industry-forum